प्रेरणा शक्ति से सफलता संभव

मोनिका शर्मा, कक्षा-12
आर्य कन्या इंटर कालेज, रूड़की

प्रत्येक मनुष्य जीवन में एक बार सफलता की मंजिल तक अवश्य पहुंचता है, लेकिन सफल होने के लिए प्रेरणा, शक्ति मिल जाये तो निश्चित ही वह अपनी मंजिल तक पहुंच सकता है । आखिर यह प्रेरणा शक्ति क्या है ? यदि हम अपने इर्द-गिर्द के वातावरण पर नजर डालें तो पायेंगे कि निश्चित रूप से कोई-न कोई वस्तु या व्यक्ति ऐसा प्रिय नजर आयेगा जिसके प्रति हमारा आकर्षण कुछ अधिक होगा। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि जिस इंसान की प्रेरणा शक्ति व्यापक होती है उसको जीवन में कभी भी असफलता नहीं मिलती । निराश व्यक्ति को यदि आशा की किरण दिखाने वाली प्रेरणा मिल जाये तो शायद वह आभावान जीवन व्यतीत करने लगेगा ।

यहाँ यह बात भी सामने आती है कि कौन प्रेरणा स्रोत बनता है? जन्म से लेकर मृत्यु तक व्यक्ति का सम्पर्क या संबंध विभिन्न लोगों से रहता है । माता-पिता जीवनदायी होते हैं जिनकी प्रेरणा से व्यक्ति का स्वरूप एवं आधार बनता है । यदि वे प्रेरणा न बन पाये तो मित्र बंधु भी इस प्रेरणा के लिए प्रभावी हो सकते हैं । महापुरूषों के आचार–विचार भी जीवन की पंक्ति को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । छात्र जीवन इतना व्यापक होता है कि इसमें तरह-तरह के माध्यम एवं व्यक्तियों से सम्पर्क स्थापित होते रहते हैं । यदि मित्रता अच्छी है तो चरित्र निर्माण भी अच्छा होता है, यदि मित्रता खराब है तो चरित्र का पतन हो जाता है । इसलिए अपने जीवन में ऐसे अच्छे लोगों से प्रेरणा ग्रहण करें जिनसे आप कुछ पा सकते हैं । एक बात अवश्य ध्यान रखें कि अपने जीवन में किसी न किसी को अवश्य ही **"प्रेरणा स्रोत"** बनायें जिससे आपकी सफलता का प्रवेश द्वार खुला रहे ।